२५८

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14 / अ0प्र0–14–161 / 2025 3979 /पटना, दिनांक– 30.3.26

संवेदक प्रेम शंकर प्रभाकर (निबंधन संख्याः–4190067), पताः– ग्राम–टेंगराहा, थाना–भेजा, जिला–मधुबनी, बिहार, पिन कोड–847408 को कार्य प्रमंडल, बेनीपुर के अधीन MMGSY (SC) योजनान्तर्गत त्रिमुहाना से कन्हौली घाट टोला दक्षिण पथ का निर्माण कार्य कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा संख्याः–40SBD/2019-20 के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 16.01.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 15.10.2020 था।

उक्त पथ में निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त पथ का का कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेनीपुर द्वारा उक्त पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

तद्‌लोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेनीपुर के सकारण आदेश पत्रांक 269 दिनांक 07.03.2023 द्वारा संदर्भित पथ के एकरारनामा संख्याः– 40SBD/2019-20 को विखंडित करते हुए संवेदक के निबंधन को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 1619 अनु0 दिनांक 14.03.2023, पत्रांक 2695 दिनांक 24.05.2023 पत्रांक 8226 दिनांक 29.07.2025 एवं पत्रांक 9626 दिनांक 04.09.2025 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया। निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में प्रेम शंकर प्रभाकर (निबंधन संख्याः–4190067), पताः– ग्राम–टेंगराहा, थाना–भेजा, जिला–मधुबनी, बिहार, पिन कोड–847408 के निबंधन संख्याः– 4190067, PAN No. CVHPP9729H को अगले 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

28.03.26
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–161 / 2025 3979 /पटना, दिनांक– 30.3.26

प्रतिलिपि– संवेदक हेमन्त कुमार झा, पताः– ग्राम+पो0–कुशोथर, थाना–बहादुरपुर, जिला–दरभंगा, बिहार, पिन कोड–846001 को सूचनार्थ प्रेषित।

28.03.26
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–161 / 2025 3979 /पटना, दिनांक– 30.3.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

क0प्र0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–161 / 2025 3979 / पटना, दिनांक– 30·3·26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

28-03-26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–161 / 2025 3979 / पटना, दिनांक– 30·3·26

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28-03-26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–161 / 2025 3979 / पटना, दिनांक– 30·3·26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

ebsite

28-03-26

अभियंता प्रमुख